# 13. वन्यजीव अभयारण्य

❑ राजस्थान में वन्य जीव अभयारण्य कितने हैं?
[II Grade Teacher-2011][उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]
[III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]

(1) 26 (2) 27 (3) 31 (4) 33

Ans. (1)

*व्याख्या-वन विभाग, राजस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 के अनुसार राज्य में 3 राष्ट्रीय उद्यान, 26 वन्य जीव अभयारण्य , 5 टाइगर रिजर्व, 7 मृग वन, 36 कंजर्वेशन रिजर्व, 4 जन्तुआलय, 2 रामसर स्थल ( घनापक्षी विहार, साँभर झील ) व 33 आखेट निषिद्ध क्षेत्र हैं।*

❑ हाल ही में राजस्थान के किस वन्यजीव अभयारण्य को राज्य का चौथा बाघ संरक्षित क्षेत्र अनुमोदित किया गया है- [कृषि पर्यवेक्षक- 18.09.2021]
[PTI (Gr.-III)-25.9.2022][JEN (Civil) Degree - 18.5.2022]

(1) सरिस्का (2) रामगढ़ विषधारी
(3) बस्सी (4) तालछापर

Ans. (2)

*व्याख्या- राजस्थान में टाइगर रिजर्व : एक दृष्टि में*

*1. रणथम्भौर ( सवाईमाधोपुर,करौली, बूंदी, टोंक )- क्षेत्रफल : 1530.23 वर्गकिमी। यह उद्यान 'बाघों का घर' कहलाता है। घोषणा-28.12.2007, बफर नोटिफिकेशन-06.07.2012*

*2. सरिस्का ( अलवर एवं जयपुर ) -क्षेत्रफल : 1213.34 वर्गकिमी। घोषणा-28.12.2007, बफर नोटिफिकेशन-6.7.2012*

*3. मुकन्दरा हिल्स ( कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, बूंदी ) - क्षेत्रफल : 1135.79 वर्गकिमी। घोषणा-9.4.2013, बफर नोटिफिकेशन-9.4.2013*

*4. रामगढ़ विषधारी ( बूंदी, कोटा, भीलवाड़ा )-क्षेत्रफल : 1496.49 वर्गकिमी., 16 मई, 2022, राज्य का चौथा एवं देश का 52वाँ टाइगर रिजर्व।*

*5. धौलपुर-करौली - क्षेत्रफल : 599.64 वर्गकिमी। 28.9.2023 को अधिसूचित, 06 अक्टूबर, 2023 को नोटिफिकेशन जारी कर राजस्थान के पाँचवे ( देश का 55वाँ ) टाइगर रिजर्व को मंजूरी।*

*6. कुम्भलगढ़ ( राजसमन्द ) - प्रस्तावित क्षेत्रफल : 2800 वर्गकिमी। 22 अगस्त, 2023 को छठे टाइगर रिजर्व के रूप में कुम्भलगढ़ बाघ अभयारण्य को सैद्धांतिक मंजूरी।*

❑ निम्न में से राजस्थान में कौनसे टाइगर रिजर्व हैं?
1. सरिस्का 2. रामगढ़ विषधारी 3. रणथम्भौर 4. मुकुन्दरा
[I Grade Teacher (GK) -17.10.2022]

(1) 1, 2, 3 एवं 4 (2) 1, 2 एवं 3
(3) 2, 3 एवं 4 (4) 1, 3 एवं 4

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ किस वन्यजीव अभयारण्य को भारत के 52वें टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया गया था?
[संगणक-03.03.2024][स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022]

(1) रामगढ़ विषधारी, राजस्थान
(2) मुकुन्दरा हिल्स, राजस्थान
(3) श्रीविल्लीपुथुर-मेगामलाई, तमिलनाडु
(4) गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, छत्तीसगढ़

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कौनसा कोटा में स्थित टाइगर रिजर्व के लिए प्रसिद्ध है? [Assistant Engineer-Civil -21.05.23]

(1) नाहरगढ़ जैविक उद्यान (2) मचिया सफारी पार्क
(3) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (4) मुकुंदरा रिजर्व पार्क

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व राज्य के किन चार जिलों में फैला होगा? [II Grade Teacher -28.10.2018]

(1) कोटा, बूंदी, बारां, टोंक
(2) कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़
(3) कोटा, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर
(4) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के राष्ट्रीय उद्यान है-[II Grade T. -28.10.2018]

1. मुकुन्दरा हिल्स 2. रणथम्भौर
3. केवलादेव घना 4. नेशनल चम्बल सेन्चुरी

कूट (1) 2, 3 तथा 4 सही है (2) 1, 2 तथा 3 सही हैं
(3) 1, 2 तथा 4 सही हैं (4) 1, 2, 3 तथा 4 सही हैं

Ans. (2)

*व्याख्या- राजस्थान के राष्ट्रीय उद्यान -*

*1. रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान ( सवाईमाधोपुर ) - क्षेत्रफल 289.11 वर्ग किमी., स्थापना : 1 नवम्बर, 1980*

*2. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान ( भरतपुर ) - क्षेत्रफल 28.73 वर्ग किमी., स्थापना : 27 अगस्त, 1981*

*3. मुकुन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान ( कोटा-चित्तौड़गढ़ ) - क्षेत्रफल 200.43 वर्ग किमी., स्थापना : 9 जनवरी, 2012*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान का कौनसा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्रफल में सबसे बड़ा है- [Veterinary Officer - 02.08.2020]
[राजस्थान पुलिस कांस्टेबल-13.06.2024 (II)]
(1) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान (2) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(3) राष्ट्रीय मरु उद्यान (4) मुकुन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान ( नेशनल पार्क ) कौनसा है? [Police Constable Exam-2007(I)]
[अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा - 27.12.2020]
[III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]
(1) रणथम्भौर (2) मरुउद्यान जैसलमेर (3) सरिस्का (4) नाहरगढ़
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ मुकन्दरा हिल्स नेशनल पार्क को राजस्थान सरकार ने तीसरा राष्ट्रीय उद्यान कब घोषित किया? [LDCExam -12.08.2018]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II).06.11.2020 (I)]
(1) 10 अप्रैल, 2013 (2) 26 जनवरी, 2013
(3) 14 फरवरी, 2012 (4) 9 जनवरी, 2012
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'इण्डिया इको डेवलपमेंट कार्यक्रम' कौनसे राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य में क्रियान्वित किया गया? [पशुधन सहायक परीक्षा - 21.10.2018]
(1) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (2) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(3) कुम्भलगढ़ अभयारण्य (4) सरिस्का अभयारण्य
Ans. (2)

*व्याख्या -1 नवम्बर, 1980 को रणथम्भौर अभयारण्य (1955) को राजस्थान का पहला राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। यहाँ 2 अलग-अलग पर्वत श्रृंखलाएँ विंध्याचल व अरावली पर्वतमालाएँ तथा दो बड़ी नदियाँ चम्बल और बनास मिलती है । रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान 'बाघों का घर' कहलाता है। यह उद्यान 1973-74 में बाघ परियोजना में शामिल किया गया। इसमें चलाई गई इंडिया इको डेवलपमेंट परियोजना (जैफ) विश्व बैंक के सहयोग से क्रियान्वित की गई है।*

❒ किस वर्ष में रणथम्भौर को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.5.2022 (II)]
(1) 1960 (2) 1970 (3) 1980 (4) 1990
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के किस जिले में स्थित हैं? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-02.07.2022]
(1) सवाई माधोपुर (2) कोटा (3) जैसलमेर (4) चित्तौड़गढ़
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान स्थित है- [सूचना सहायक 2011]
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)][Stenographer-30.05.2013]
[CET (10+2) : 24.10.2024 (S-I), 23.10.2024 (S-I)]
(1) सवाई माधोपुर (2) भरतपुर (3) अलवर (4) जैसलमेर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

*व्याख्या - केवलादेव ( घना ) राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर : पर्यटन परिपथ 'स्वर्ण-त्रिकोण' एवं गम्भीर व बाणगंगा नदियों के संगम पर स्थित भारत का सबसे बड़ा पक्षी अभयारण्य विश्व में 'पक्षियों का स्वर्ग' कहलाता है। यहाँ भगवान शिव ( कैलाश ) का प्राचीन मंदिर होने के कारण इसका नाम केवलादेव है। यहाँ शीतकाल में हजारों प्रवासी पक्षी ( साइबेरियन सारस ) आते हैं। डॉ. सलीम अली के प्रयासों से इसे पक्षी अभयारण्य का दर्जा दिया गया। राजस्थान का यह सबसे छोटा ( क्षेत्रफल 28.73 वर्गकिमी. ) राष्ट्रीय उद्यान है।*

❒ राजस्थान में निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय उद्यान अपने पक्षी जीवों के लिए प्रसिद्ध है? [CET - 11.2.2023 (S-I)]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]
(1) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान (2) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(3) दर्रा राष्ट्रीय उद्यान (4) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का नामकरण...के नाम पर किया गया है- [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-8.11.2020 (II)]
(1) विष्णु मंदिर (2) शिव मंदिर
(3) श्रीराम मंदिर (4) ब्रह्मा मंदिर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के बारे में निम्न में से कौनसे कथन सत्य हैं- [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
1. यह प्रतापगढ़ शहर में स्थित है।
2. यह अनेक पक्षियों का वास स्थान है।
3. यह तेंदुए ( लेपर्ड ) के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।
4. यहाँ विशेष ऋतुओं में अनेक पक्षी प्रवास के लिए आते हैं।
(1) 2 और 4 (2) 1, 2 और 4
(3) 1, 2 और 3 (4) 2, 3 और 4
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **निम्नांकित में से जो गम्भीरी एवं बाणगंगा नदियों के संगम पर स्थित है, वह है?** [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (2) रामसागर अभयारण्य
(3) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान (4) वन विहार अभयारण्य
**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के किस जिले में राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य है?** [जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -I]
(1) भरतपुर (2) अलवर (3) जयपुर (4) सवाईमाधोपुर
**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'साइबेरियन सारस' के लिये प्रसिद्ध पक्षी विहार-** [Asst. Agriculture Officer : 29.01.2013]
(1) खींचन (2) केवलादेव घना (3) चित्तौड़ (4) रणथम्भोर
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'साइबेरियन सारस' किस ऋतु में घना पक्षी राष्ट्रीय उद्यान में आते हैं?** [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]
(1) ग्रीष्म (2) शीत (3) वर्षा (4) सभी ऋतुओं में
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान का वह जिला जो विश्व का अद्वितीय पक्षी अभयारण्य है एवं जल पक्षियों का स्वर्ग है?** [R.A.S. Pre Exam, 1998]
(1) अलवर (2) भरतपुर (3) उदयपुर (4) जोधपुर
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'घना पक्षी-विहार' पक्षियों का स्वर्ग माना जाता है। यहाँ का मुख्य आकर्षण है-** [II Grade (Social Study) -2011]
(1) कुरजां (2) गोडावण (3) साईबेरियन क्रेन (4) कोयल
**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान..... के लिए प्रसिद्ध है-** [पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)]
(1) हाथी संरक्षण (2) चीता संरक्षण
(3) प्रवासी पक्षियों (4) सिंह (शेर) संरक्षण
**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कौनसे राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्य को विश्व प्राकृतिक धरोहर के नाम से जाना जाता है?** [R.A.S. Pre. 1992]
[III Grade (English) -27.02.2023]
[JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
(1) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, सवाईमाधोपुर
(2) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, घना (भरतपुर)
(3) राष्ट्रीय मरु उद्यान, जैसलमेर
(4) तालछापर अभयारण्य, चूरू
**Ans. (2)**

***व्याख्या-*** *जैव विविधता की सुरक्षा के लिए यूनेस्को ने 1985 में केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को **विश्व प्राकृतिक धरोहर** घोषित किया। यहाँ ऑस्ट्रियन कंपनी **सारोस्की** की आर्थिक मदद से **डॉ. सलीम अली इंटरप्रेटेशन सेंटर** बनाया गया है।*

❒ **राजस्थान में विधि द्वारा संरक्षित तथा विश्व धरोहर में शामिल अद्वितीय पक्षी संरक्षण स्थल है-** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)][JEN - 21.08.2016]
(1) रणथम्भौर (2) केवलादेव घना (3) दर्रा (4) मरुराष्ट्रीय उद्यान
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान में पक्षी प्रजातियों की सर्वाधिक विविधता कहाँ पायी जाती है?** [पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]
(1) केवलादेव-भरतपुर (2) रणथम्भौर-सवाई माधोपुर
(3) मरुद्यान-जैसलमेर (4) सरिस्का-अलवर
**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर को किस वर्ष में यूनेस्को ने विश्व प्राकृतिक धरोहर घोषित किया-** [PTI (Grade-II)-30.04.2023]
(1) 1980 (2) 1981 (3) 1982 (4) 1985
**Ans. (4)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'भरतपुर बर्ड पैराडाइज' पुस्तक के लेखक कौन है?** [Librarian III Grade 11.09.2022]
(1) डॉ. के. एल. राठौड़ (2) एम. डी. चतुर्वेदी
(3) मार्टिन इवांस (4) कैलाश सांखला
**Ans. (3)**

❒ **राजस्थान में पाए जाने वाले सरीसृप सदस्य का चयन कीजिये-** [CET (10+2) : 22.10.2024 (S-II)]
(1) भारतीय सेही (इंडियन पोर्कुपिन)
(2) भारतीय गिरगिट (इंडियन कैमेलियन)
(3) जंगली सूअर (वाइल्ड बार)
(4) बुज्जर्ड
**Ans. (2)**

❒ **राजस्थान में दर्रा अभयारण्य कहाँ है?** [Police Constable Exam- 2013]
(1) झालावाड़ (2) सवाई माधोपुर (3) कोटा (4) अलवर
**Ans. (3)**

***व्याख्या -दर्रा अभयारण्य (मुकन्दरा हिल्स) गागरोणी (हीरामन) तोते*** *हेतु प्रसिद्ध है। यह कोटा में स्थित है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राज्य में सबसे अधिक गागरोणी तोते किस अभयारण्य में मिलते हैं? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) रणथम्भौर (2) मुकन्दरा हिल्स (3) केवलादेव (4) सरिस्का
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ 'राष्ट्रीय मरु उद्यान, जैसलमेर' की स्थापना कब हुई? [II Grade (Social Study) Exam. 2011]
[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -I]
(1) 1990 में (2) 1991 में (3) 1981 में (4) 1982 में
Ans. (3)

व्याख्या - राष्ट्रीय मरु उद्यान : 3162 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले इस अभयारण्य की स्थापना 8 मई, 1981 को की गई। जैसलमेर (1900 वर्ग किमी) एवं बाड़मेर (1262 वर्ग किमी) में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान में जीवावशेष पार्क (आकलवुड फोसिल पार्क) स्थित है। राजस्थान में सबसे बड़े इस अभयारण्य में दुर्लभ राज्य पक्षी गोडावण पाया जाता है।

❑ राष्ट्रीय मरू उद्यान किन जिलों में फैला हुआ है? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -II]
[CET - 5.2.2023 (S-II)] [III Grade (L-I) -25.2.2023]
(1) जैसलमेर-बाड़मेर (2) जैसलमेर-बीकानेर
(3) जोधपुर-जैसलमेर (4) जोधपुर-बाड़मेर
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राष्ट्रीय मरु उद्यान को किस नाम से भी कहा जाता है? [जेल प्रहरी 20-10-2018, S. -III] [कॉलेज व्याख्याता-2016]
(1) वनस्पति पार्क (2) वन्य-जीव उद्यान
(3) घास-क्षेत्र पार्क (4) जीवाश्म उद्यान
Ans. (4) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कौनसा राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्य राजस्थान में जीवाश्मों के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है? [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
(1) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(2) सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य
(3) राष्ट्रीय मरुस्थल उद्यान, जैसलमेर
(4) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ शेरगढ़ वन्य जीव क्षेत्र निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है? [प्रयोगशाला सहायक-03.02.2019]
[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती परीक्षा- 20.03.2019]
[CET : 7.1.2023 (S-I)][JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
(1) बारां (2) उदयपुर (3) जयपुर (4) बीकानेर
Ans. (1)

व्याख्या : शेरगढ़ अभयारण्य बारां में स्थित है। इसकी स्थापना 1983 में हुई। साँपों का संरक्षण स्थल। परवन नदी का विचरण।

❑ निम्न में से कौन-सा अभयारण्य राजस्थान के धौलपुर जिले में स्थित नहीं है- [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019]
(1) राम सागर (2) केसर बाग (3) वन विहार (4) शेरगढ़
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ रामसागर वन्यजीव अभयारण्य स्थित है- [सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)][कनिष्ठ लेखाकार-2.8.2015]
[III Grade (Hindi) -26.02.2023]
(1) धौलपुर (2) बाँसवाड़ा (3) चित्तौड़गढ़ (4) बारां
Ans. (1)

व्याख्या- धौलपुर में रामसागर, केसरबाग एवं वनविहार वन्यजीव अभयारण्य स्थित है।

❑ 'केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य' कहाँ स्थित है? [कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) सीधी भर्ती परीक्षा- 23.03.2019]
[III Grade (English) -27.2.2023][Assistant Agri. Off.-28.5.2022]
(1) अलवर (2) धौलपुर (3) अजमेर (4) दौसा
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ वन-विहार अभयारण्य है- [संगणक परीक्षा - 05.05.2018]
(1) धौलपुर (2) कोटा (3) सवाई माधोपुर (4) भरतपुर
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कौन राजस्थान में गिद्ध संरक्षण के लिए अनुसंधान कार्य कर रहा है? [CET - 5.2.2023 (S- II)]
(1) दाऊ लाल बोहरा (2) भावना तँवर
(3) सुमेर सिंह भाटी (4) अनिल चौपड़ा
Ans. (1)

व्याख्या - बीकानेर के दाऊलाल बोहरा इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के सदस्य हैं और गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हैं।

❑ राजस्थान के किस जिले में सर्प अभयारण्य स्थित है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)]
(1) बीकानेर (2) भीलवाड़ा (3) कोटा (4) उदयपुर
Ans. (3)

व्याख्या - प्रथम सर्प उद्यान ओरण कोटा जिले में स्थित है।

Scanned with OKEN Scanner

❑ किस शहर में राज्य का प्रथम बर्ड पार्क स्थापित किया गया है?[स्कूल व्याख्याता (Physical Edu.)-21.10.2022] [Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
(1) नागौर (2) प्रतापगढ़ (3) अलवर (4) उदयपुर
Ans. (4)

*व्याख्या -राजस्थान के मुख्यमंत्री ने 12 मई, 2022 को उदयपुर के गुलाबबाग में प्रदेश के पहले पक्षी उद्यान (Bird Park) का लोकार्पण किया। ज्ञातव्य है कि उदयपुर स्थित मेनार गाँव आर्द्रभूमि एवं पक्षी गाँव के रूप में प्रसिद्ध है।*

❑ पक्षी गाँव के नाम से प्रसिद्ध मेनार गाँव राजस्थान के किस जिले में स्थित है :[Protection Officer - 28.01.2023]
(1) उदयपुर (2) जोधपुर (8) भरतपुर (4) झालावाड़
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ तालछापर कृष्णमृग अभयारण्य किस जिले में स्थित है? [II Grade (Science)-2011] [कर सहायक-14.10.2018] [LDC-2012. Police Constable- 2013][Asst. Jailer-15.3.2016] [CET (10+2) : 23.10.2024 (S-II)]
(1) सीकर (2) झुन्झुनूं (3) दौसा (4) चूरू
Ans. (4)

*व्याख्या - चूरू जिले में स्थित तालछापर कृष्ण मृग अभयारण्य : काले हिरणों के लिए प्रसिद्ध। वर्षा ऋतु में इस अभयारण्य में 'मोचिया साइप्रस रोटन्डस' नामक नर्म घास उत्पन्न होती है। राजस्थान बजट 2021-22 की अनुपालना में वन्यजीव प्रबंधन एवं रेगिस्तान पारितंत्र प्रशिक्षण संस्थान तालछापर में स्थापित किया गया है।*

❑ तालछापर अभयारण्य .... के लिए प्रसिद्ध है। [CET - 11.2.2023 (S-I)] [वनपाल-06.11.2022(S-II)]
(1) बाघ (2) मोर (3) भालू (4) कृष्ण मृग
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कौनसा वन्यजीव अभयारण्य काले हिरण और कुरजाँ के लिए प्रसिद्ध है? [JEN (Civil) Diploma - 18.05.2022] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)] [P. C. Exam-2007(III). Police Constable- 2014] [वनरक्षक-11.12.2022(S-I). 13.12.2022(S-II)]
(1) सज्जनगढ़ (2) गजनेर (3) सरिस्का (4) तालछापर
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 'वन्यजीव प्रबन्धन एवं रेगिस्तान पारितंत्र प्रशिक्षण केन्द्र' स्थापित किया गया है?[ARO (Ent.) 28.8.2022]
(1) जोड़बीड़ (बीकानेर) (2) सम (जैसलमेर)
(3) तालछापर (चूरू) (4) बिलाड़ा (जोधपुर)
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ तालछापर और परिहार रन क्षेत्र हैं-[पटवार - 2011]
(1) घग्घर क्षेत्र में (2) शेखावाटी क्षेत्र में
(3) गोड़वाड़ बेसिन में (4) नागौर क्षेत्र में
Ans. (2)

❑ राजस्थान का एकमात्र अभयारण्य जहाँ उड़न गिलहरियाँ देखी जा सकती हैं -[ग्राम सेवक- 2008] [पटवार - 2011] [JEN (Civil) Diploma-06.12.2020] [कृषि पर्यवेक्षक- 03.03.2019][Police Constable .-2006-07] [वनपाल-06.11.2022(S-I)] [Veterinary Officer - 02.08.2020] [Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य (2) नाहरगढ़ अभयारण्य
(3) सीतामाता अभयारण्य (4) वन विहार अभयारण्य
Ans. (3)

*व्याख्या - सीतामाता अभयारण्य चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ -सलूम्बर जिले में स्थित सीतामाता अभयारण्य ( चीतल की मातृभूमि ) उड़ने वाली गिलहरियों एवं चौसिंगा ( घंटेल ) के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ सागवान वन ( सर्वाधिक ) पाये जाते हैं। इसमें जाखम, करमोई, सीतामाता, टांकिया और नालेश्वर नामक 5 नदियों का संगम होता है।*

❑ राजस्थान में सीतामाता अभयारण्य किस जिले में स्थित है? [वनरक्षक-11.12.2022(II)][ग्राम सेवक- 2008] [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]
(1) राजसमन्द (2) उदयपुर (3) चित्तौड़गढ़ (4) सिरोही
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कुरजाँ है? [बी.एस.टी.सी. परीक्षा, 2008]
(1) एक पक्षी(2) एक वाद्य यंत्र (3)चित्रशैली(4) आभूषण
Ans. (1)

*व्याख्या - कुरजाँ ( डोमाइजल क्रेन ) : यह प्रवासी पक्षी फलौदी जिले में खींचन गाँव तथा तालछापर, लूनी, गुढ़ा विश्नोई आदि क्षेत्रों में आते हैं। कुरजाँ पक्षी को मारवाड़ में 'संदेश वाहक पक्षी' माना जाता है।*

❑ राजस्थान का खीचन गाँव जाना जाता है- [III Grade (Hindi) -26.02.2023]
(1) कुरजाँ (2) चरस (3) साइबेरियन सारस (4) तिलोर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कुरजाँ पक्षी ( डेमोसिल क्रेन ) कहाँ बहुत बड़ी संख्या में पहुँचते हैं?[II Grade GK (संस्कृत) -17.02.2019]
(1) सांभर झील (2) खींचन (3) उदयपुर (4) अजमेर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ कुरजाँ पक्षी विहार स्थित है-[II Grade (Maths)- 2011]
(1) खींचन (2) ओसियाँ (3) पुष्कर (4) नागौर
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ घड़ियालों की प्रजाति को संरक्षित करने के लिए कौनसा अभयारण्य है? [II Gr. (Social Study) 2011]
[CET - 11.2.2023 (S-II)][जेल प्रहरी 28-10-2018, Shift -III]
(1) जयसमंद अभयारण्य (2) बन्ध बारेठा अभयारण्य
(3)राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य(4)जवाहर सागर वन्य विहार
Ans. (3)

*व्याख्या - राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य (कोटा, बूँदी, करौली, सवाईमाधोपुर, धौलपुर) घड़ियालों एवं स्तनपायी डॉल्फिन हेतु प्रसिद्ध है।*

❑ जवाहर सागर वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के मुख्यत: कौनसे जिले में अवस्थित है-
[Assistant Professor-22.9.2021]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) बारां (3) सवाई माधोपुर (4) झालावाड़
Ans. (1)

*व्याख्या - जवाहर सागर अभयारण्य (कोटा, बूँदी, चित्तौड़गढ़) मगरमच्छ के लिए प्रसिद्ध है। यह उत्तरी भारत का प्रथम सर्प उद्यान है (दूसरा सर्प उद्यान व विष एकत्रित करने की प्रयोगशाला, भरतपुर में है।)*

❑ पीवणा किस जीव की प्रजाति है?
[Police Constable Exam-2007]
(1) अजगर (2) मगरमच्छ (3) घड़ियाल (4) साँप
Ans. (4)

*व्याख्या - राजस्थान के पश्चिम भाग में पीवणा नामक विषैला सर्प पाया जाता है।*

❑ बान्सदरा पहाड़ी कौनसे अभयारण्य में स्थित है-
[पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]
(1) बन्द बारेठा अभयारण्य (2) शेरगढ़ अभयारण्य
(3) सज्जनगढ़ अभयारण्य (4) माउंट आबू अभयारण्य
Ans. (3)

*व्याख्या - उदयपुर स्थित बांसदरा पहाड़ी राजस्थान के सबसे छोटे अभयारण्य सज्जनगढ़ में स्थित है।*

❑ गमधर का जैव विविधता पार्क राज्य के किस जिले में स्थित है? [EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]
(1) चूरू (2) करौली (3) सीकर (4) उदयपुर
Ans. (4)

*व्याख्या-राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से उदयपुर के गमधर क्षेत्र में वर्ष 2016 में जैव विविधता पार्क का निर्माण किया गया। यह चन्दन के वृक्ष का संरक्षण क्षेत्र है।*

❑ रेत का तीतर नाम से कौनसा पक्षी प्रसिद्ध है, यह किस अभयारण्य में पाया जाता है- [II Gr.Tea.-2010]
(1) हीरामन, सौंकलिया (2) बटबड़, गजनेर
(3) हरातोता, सरिस्का (4) हिन्दू लोचन, अजमेर
Ans. (2)

*व्याख्या - बीकानेर में स्थित गजनेर अभयारण्य बटबड पक्षी/'रेत का तीतर' (इम्पीरियल सेन्डगाउज) तथा जंगली सूअरों के लिए प्रसिद्ध।*

❑ 'कनक सागर' है- [Research Assistant Exam 2017]
[कनिष्ठ अनुदेशक-10.09.2022]
(1) बाघ संरक्षित क्षेत्र (2) काष्ठ जीवावशेष पार्क
(3) पक्षी अभयारण्य (4) कृष्ण मृग पार्क
Ans. (3)

*व्याख्या-<u>आखेट निषिद्ध क्षेत्र</u>* *<u>प्रमुख वन्य जीव</u>*
- **कनक सागर** (बूँदी) - **जल पक्षी** (पक्षी अभयारण्य)
- महलां (जयपुर) - जल पक्षी
- संवत्सर-कोटसर (बीकानेर)- स्तनधारी जीव
- सोरसन (बारां) - गोडावण
- उज्जला (जैसलमेर) - चिंकारा
- सौंखलिया (भिनाय, अजमेर) - गोडावण

❑ मानसी, वाकल और सोम नदियाँ किस वन्य जीव अभयारण्य से गुजरती है? [III Grade Teacher-2009]
[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -III]
(1) कुम्भलगढ़ (2) फुलवारी की नाल
(3) माउण्ट आबू (4) सज्जनगढ़
Ans. (2)

*व्याख्या : <u>नदियों के निकट स्थित अभयारण्य</u>*
- *राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य, चम्बल नदी*
- *जवाहर सागर अभयारण्य, चम्बल नदी*
- *शेरगढ़ अभयारण्य (बारां), परवन नदी*
- *बस्सी अभयारण्य (चित्तौड़गढ़),ओरई-बामनी उद्गम*
- *भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़), चम्बल-बामनी का संगम।*
- *फुलवारी की नाल (उदयपुर), मांसी-वाकल नदी का उद्गम स्थल।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ **वन्य जीव अभयारण्य एवं संबंधित नदी को सुमेलित कीजिए-** [JEN (Mech.) Degree (TSP) - 16.10.2016]

| | |
|---|---|
| (a) बस्सी | 1. चम्बल |
| (b) भैंसरोड़गढ़ | 2. चम्बल और बामनी |
| (c) जवाहर सागर | 3. परवन |
| (d) शेरगढ़ | 4. ओरई और बामनी |

| कूट: | A | B | C | D | कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 1 | 3 | (2) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (3) | 2 | 1 | 4 | 3 | (4) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **'फुलवारी की नाल' स्थित है-**[प्रयोगशाला सहा.-3.2.19]
[Stenographer Exam : 30.05. 2013]

(1) उदयपुर (2) राजसमंद (3) कोटा (4) बूंदी

**Ans.** (1)

***व्याख्या : फुलवारी की नाल ( उदयपुर ) की स्थापना-1983 में हुई। इसमें देश का प्रथम 'ह्यूमन एनाटॉमी पार्क' स्थित है।***

❐ **निम्नलिखित में से कौनसा ( संरक्षित क्षेत्र-जिला ) सुमेलित नहीं है-** [JEN (Electric) Degree - 18.05.2022]

(1) फुलवारी की नाल-राजसमंद (2) केसर बाग-धौलपुर
(3) बस्सी-चित्तौड़गढ़ (4) शेरगढ़ – बाराँ

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान का वह अभयारण्य जो हरे कबूतरों के लिए प्रसिद्ध है-** [पशुधन सहायक परीक्षा - 21.10.2018]
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) - 20.12.2015 ]
[RPSC III Grade Teacher Exam-2004]
[हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग)-22.12.2019]

(1) सरिस्का (2) केवलादेव (3) रणथम्भौर (4) तालछापर

**Ans.** (1)

***व्याख्या - सरिस्का अभयारण्य की स्थापना 1955 में की गई। हरे कबूतरों के लिए प्रसिद्ध ( हरे कबूतर/हारिल अजमेर में भी पाये जाते है ) यह अभयारण्य 1978-79 को बाघ परियोजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।***

❐ **अलवर जिले का स्थान जो प्रोजेक्ट टाइगर योजना में सम्मिलित किया गया है-** [Agriculture Officer : 29.1.13]
[EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]
[Stenographer : 30.05. 2013]

(1) सिलीसेढ़ (2) सरिस्का
(3) राजमहल (4) पाण्डुपोल

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **सरिस्का नेशनल पार्क मुख्यत: किसके लिए प्रसिद्ध है-** [CET-G (S-I) - 28.09.2024]

(1) रॉयल बंगाल टाइगर (2) ऐशियाटीक लायन
(3) इण्डियन लेपर्ड (4) साइबेरियन क्रेन

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से कौनसा स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की सूची में सम्मिलित नहीं है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]

(1) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (2) सरिस्का अभयारण्य
(3) मानस अभयारण्य (4) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

**Ans.** (2)

***व्याख्या-यूनेस्को की विश्व प्राकृतिक धरोहर की सूची में राजस्थान का एकमात्र केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान ही है।***

❐ **कौनसा वन्यजीव अभयारण्य करौली जिले में स्थित है-** [पशुधन सहायक 04.6.2022]
[JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]

(1) केवलादेव (2) कैलादेवी (3) वन सिंह (4) केसरबाग

**Ans.** (2)

***व्याख्या- करौली-सवाईमाधोपुर स्थित कैलादेवी अभयारण्य का क्षेत्रफल 676.82 किमी. है। इसकी स्थापना 1983 ई. में की गई थी। यह धौंक वन का क्षेत्र है।***

❐ **वन्यजीव अभयारण्य एवं जिला में सुमेलित नहीं हैं-**
[वनपाल-06.11.2022(S-I)]

(1) वन विहार-धौलपुर (2) फुलवारी की नाल-उदयपुर
(3) कैलादेवी – भरतपुर (4) शेरगढ़ – बाराँ

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **कौनसा युग्म गलत है?** [AEN Exam - 16.12.2018]

(1) रामगढ़ विषधारी-बूँदी (2) केसरबाग –धौलपुर
(3) बस्सी-जयपुर (4) सवाई मानसिंह-सवाई माधोपुर

**Ans.** (3) *बस्सी संरक्षित क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में स्थित है।*

❐ **बस्सी वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**[आर्थिक अन्वेषक (उद्योग विभाग)-25.03.2018]

(1) टोंक (2) जयपुर (3) चित्तौड़गढ़ (4) जालौर

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **सज्जनगढ़ बायोलॉजीकल पार्क राजस्थान के कौन से जिले में अवस्थित है?** [AEN Exam - 16.12.2018]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) 15.9.2019]

(1) जयपुर (2) उदयपुर (3) अजमेर (4) जोधपुर

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

> **व्याख्या** –राज्य के जैविक उद्यान( Biological Park )–
> 1. सज्जनगढ़ जैविक उद्यान, उदयपुर (लोकार्पण: 12 अप्रैल, 2015)
> 2. माचिया जैविक उद्यान, जोधपुर (लोकार्पण : 20 जनवरी, 2016)
> 3. नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर (लोकार्पण : 4 जून, 2016)
> 4. अभेड़ा जैविक उद्यान, कोटा (लोकार्पण : 18 दिसम्बर, 2021)
> 5. मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क,बीकानेर (निर्माणाधीन)
> 6. पुष्कर जैविक उद्यान, अजमेर (निर्माणाधीन)
> 7. अलवर जैविक उद्यान, अलवर (निर्माणाधीन)
> 8. भरतपुर जैविक उद्यान, भरतपुर (बजट 2025-26 में प्रस्तावित)

❑ **राजस्थान में नाहरगढ़ जैविक उद्यान का उद्घाटन वर्ष.... में किया गया था।** [कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]
(1) 2014 (2) 2015 (3) 2016 (4) 2017
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में पहला बायोलॉजिकल पार्क कहाँ स्थापित किया गया है?** [JEN (Mechanical) Diploma- 20.05.2022]
(1) माछिया (जोधपुर) (2) नाहरगढ़ (जयपुर)
(3) सज्जनगढ़ (उदयपुर) (4) अभेड़ा (कोटा)
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान के जैविक उद्यान कहाँ स्थापित किये गए है–** [JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) नाहरगढ़,सज्जनगढ़, माचिया(2)शेरगढ़,नाहरगढ़, आकल
(3)आकल,सज्जनगढ़,मरुधरा(4) वन विहार,आकल,माचिया
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किशन बाग एक नवनिर्मित रेगिस्तान पार्क .... में स्थित है–** [ACF & FRO Exam - 18.02.2021]
(1) जयपुर (2) जोधपुर (3) बाड़मेर (4) जैसलमेर
**Ans.** (1)

> **व्याख्या** – *जयपुर के विद्याधर नगर मे स्थित स्वर्ण जयंती गार्डन के समीप किशनबाग गाँव में नाहरगढ़ तलहटी में 64.30 हैक्टर क्षेत्रफल में किशनबाग वानिकी परियोजना (रेगिस्तान पार्क) विकसित की गयी है।*

❑ **जयपुर का प्रथम डेजर्ट पार्क है**[VDO-28.12.2021 (II)]
(1) किशनबाग (2) हरिबाग(3) रामबाग (4) लक्ष्मण बाग
**Ans.** (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में किन वन्यजीव पारिस्थितिक स्थलों पर वर्तमान में जैव विविधता एवं जीन पूल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है?** [प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
(1) बूँदी, तालछपर, फुलवारी-की-नाल, बन्धबरेठा
(2) नाहरगढ़, सज्जनगढ़, सरिस्का, माउण्ट आबू
(3) सीतामाता, कुंभलगढ़, कैलादेवी, केवलादेव घना
(4) केवलादेव, जयसमन्द झील, मुकन्दरा, रणथम्भौर
**Ans.** (2)

> **व्याख्या – जैव विविधता एवं जीनपूल संरक्षण** *के उद्देश्य से चालू वर्ष में निम्न स्थानों पर जैव विविधता एवं संरक्षण का कार्य प्रगति पर है–*
> *(अ) जैविक उद्यान–1. नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर, 2. सज्जनगढ़ जैविक उद्यान, उदयपुर*
> *(ब) पारी पर्यटन स्थल (इको-ट्यूरिज्म साइट)– 1. बाघ परियोजना, सरिस्का, 2. माउन्ट आबू*
> *(स) जैव विविधता क्लोजर – बूँदी*

❑ **रामसर सम्मेलन (ईरान) द्वारा चिह्नित राजस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व के वन्यजीव आर्द्रभूमि पारिस्थितिक स्थलों के नाम बताइए–** [Highcourt LDC Exam - 2015] [Librarian Garde-III Exam - 13.11.2016]
(1) फुलवारी की नाल, भैंसरोड़गढ़
(2) सरिस्का, चम्बल अभयारण्य
(3) सांभर झील, केवलादेव घना
(4) जयसमन्द झील, जवाहर सागर
**Ans.** (3)

> **व्याख्या** –*'आर्द्रभूमि कन्वेंशन' रामसर (ईरान) में वर्ष 1971 में हस्ताक्षरित किया गया, यह एक अन्तर्सरकारी ट्रीटी है जो आर्द्रभूमि और उसके संसाधनों का उपयुक्त प्रयोग तथा संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और राष्ट्रीय कार्यवाही के लिए फ्रेमवर्क उपलब्ध कराता है। रामसर कन्वेंशन सूची में राजस्थान के दो सूचीबद्ध स्थल निम्न है–*
> *(1) केवला देव राष्ट्रीय पार्क – 01.10.1981 में*
> *(2) साम्भर झील (राजस्थान) – 23.03.1990 में*

❑ **कौनसा राष्ट्रीय उद्यान रामसर साईट में शामिल किया गया है?**[JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022]
(1) मुकंदरा हिल्स उद्यान (2) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(3) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान (4) मरू राष्ट्रीय उद्यान
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौन-सा कार्य वन्य जीव एवं जैव-विविधता संरक्षण में बाधक है–** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (I)]
(1) वनोन्मूलन करना (2) वनरोपण करना
(3) अभयारण्यों की स्थापना करना
(4) राष्ट्रीय उद्यानों की स्थापना करना
**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या – राजस्थान में बढ़ती जनसंख्या के दबाव, नगरीकरण की वृद्धि, ईंधन के लिए लकड़ी प्राप्त करने एवं औद्योगिकीकरण के कारण वनोन्मूलन जैव-विविधता संरक्षक में सबसे बाधक है।*

❒ **भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष में लागू किया गया था?** [जेल प्रहरी 21-10-2018, Shift -II] [PSI (मोटर वाहन) - 12.2.2022][कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर)- 26.3.2019] [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) 1962 ई. (2) 1970 ई. (3) 1982 ई. (4) 1972 ई.

**Ans.** (4)

*व्याख्या – वन्य जीवों के संरक्षण की दृष्टि से वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 भारत के समस्त राज्यों में लागू किया गया है। वर्ष 1976 में किये गये 42वें संविधान संशोधन के उपरान्त वन तथा वन्य प्राणी विषय समवर्ती सूची में आने से केन्द्र व राज्य सरकारें इसके संरक्षण हेतु कदम उठा रही है।*

❒ **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 को राजस्थान सरकार ने कब अपनाया था-**[पुलिस कॉन्स्टेबल-13.6.2024]

(1) 9 सितम्बर 1972 (2) 26 जुलाई, 1974

(3) 10 दिसम्बर, 1972 (4) 1 सितम्बर, 1973

**Ans.** (4)

*व्याख्या – वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 भारत सरकार द्वारा 9 सितम्बर 1972 को तथा राजस्थान सरकार द्वारा 1 सितम्बर, 1973 को अपनाया गया।*

❒ **राजस्थान में भालूओं का पहला संरक्षित क्षेत्र कौनसा है-** [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019] [III Grade (English) -27.02.2023][वनरक्षक-13.12.2022(S-I)]

(1) सुन्धामाता संरक्षित क्षेत्र (2) शाकम्भरी संरक्षित क्षेत्र

(3) गोथेलान संरक्षित क्षेत्र (4) रोटू संरक्षित क्षेत्र

**Ans.** (1)

